_/_/_

Tender Heart High School, Sector 33-B, Chandigarh.
Date -                    Class - IV
Subject - Hindi Language          Page - 1
Subject Teacher - Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma

## सर्वनाम

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

यह पाठ 'सर्वनाम' कक्षा चौथी की हिन्दी व्याकरण का है। बच्चो यह पाठ आपको 25 अप्रैल, 2022 को भेजा जाएगा।

प्यारे बच्चो ! आज हम इस पाठ मे 'सर्वनाम' के बारे में पढ़ेंगे। इसलिए सभी बच्चे अपने पास हिन्दी की एक अभ्यास पुस्तिका भी रख लें, क्योंकि मैं आपको पाठ के बीच में कुछ कार्य लिखने के लिए भी दूँगी। बच्चो, अब मैं आपको 'सर्वनाम' के बारे में बताऊँगी। सभी बच्चे इसे ध्यानपूर्वक एवं समझेंगे।

प्यारे बच्चो ! नीचे दिए गए वाक्यों को ध्यान से पढ़ें एवं समझें।

एक लोमड़ी थी। वह बहुत भूखी थी। वह भोजन की खोज मे इधर-उधर भटक रही थी। अचानक उसने एक कौए को चोंच में रोटी पकड़े देखा। रोटी देखकर उसकी भूख और तेज हो गई। उसका मन रोटी खाने के लिए ललचाने लगा। वह कौए से रोटी प्राप्त करने की युक्ति सोचने लगी।

बच्चो! इस अनुच्छेद में रेखांकित शब्दों पर ध्यान दें। आप देख रहे हैं कि यह अनुच्छेद एक लोमड़ी की कहानी दर्शा रहा है। इसमें पहले वाक्य में लोमड़ी संज्ञा है, लेकिन अन्य वाक्यों मे बार-बार लोमड़ी शब्द का प्रयोग न करके उसके स्थान पर कुछ अन्य शब्दो जैसे :- 'वह', 'उसने'

__/__/__

Date -                                   Class - IV

Subject - Hindi Language                     Page - 2

Subject Teachers - Ms. Roma Rani

Ms. Suman Sharma


'उसकी' तथा उसका आदि का प्रयोग किया गया है। ये शब्द सर्वनाम कहलाते हैं।

इस प्रकार

संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जानेवाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं। सर्वनाम के प्रयोग से भाषा सुंदर लगती है तथा वाक्य छोटे हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त सर्वनाम के प्रयोग द्वारा एक ही शब्द की पुनरावृत्ति भी नहीं होती।

जैसे :- मैं, वह, तुम, आप, वे, उन्होंने, उनका, इनका, कौन, कोई, कुछ, क्या, जो आदि।

बच्चो! सर्वनाम के छः भेद होते हैं।



__/__/__

Date -                    Class - IV
Subject- Hindi Language          Page -3
Subject Teachers- Ms. Roma Rani.
Ms. Suman Sharma.

बच्चो ! मैंने आपको सर्वनाम के बारे में समझा दिया है। आशा है यह आपको अच्छे से समझ आ गए होंगे। अब मैं आपसे इसके आधार पर कुछ प्रश्न पूछूँगी। अब आप यहाँ तीन मिनट का अंतराल लेंगे और इन प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखेंगे।

प्रश्न -1. सर्वनाम की परिभाषा लिखें।

प्रश्न - 2. सर्वनाम के कितने भेद होते हैं ?

प्रश्न -3. निम्नलिखित वाक्यों में उचित सर्वनाम शब्द भरें।

(क) .............. बाज़ार जा रहे हैं।

(ख) .............. मेरा घर है।

(ग) जिसकी लाठी .............. भैंस।

बच्चो ! अब आपका अंतराल का समय समाप्त हो गया है। अब मैं आपको इन प्रश्नों के उत्तर बताऊँगी।

उत्तर - 1. संज्ञा के स्थान पर प्रयोग किए जाने वाले शब्द सर्वनाम कहलाते हैं।

उत्तर -2. सर्वनाम के छः भेद होते हैं।

उत्तर -3. (क) वे (ख) यह (ग) उसकी ।

बच्चो ! अब मैं आपको गृहकार्य दूँगी। जिसे आप सभी अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में लिखेंगे।

⇒ नीचे दिए गए वाक्यों में <u>सर्वनाम शब्द के नीचे रेखा</u> खींचे :-

1. तुम कहाँ जा रहे हो ?

__/__/__

Date -  Class - IV
Subject- Hindi Language  Page - 4
Subject Teacher- Ms. Roma Rani
Ms. Suman Sharma

2. वह रमेश का भाई है।
3. मैं आज विद्यालय जाऊँगा।
4. जो लड़का सो रहा है वह बीमार है।
5. उसका घर मेरे घर के पास है।
6. यह आम बहुत मीठा है।
7. हम कल मेला देखने गए थे।
8. वह बालक बहुत परिश्रमी है।
9. जो मेहनत करेगा वही सफल होगा।
10. तुम कहाँ जा रहे हो ?
11. मैं उसके साथ खेलता हूँ।
12. आज मेरे भाई का पत्र आया।
13. हम सब भारतीय हैं।
14. वह राधा का घर है।
15. तुम्हारा कार्य सबसे अच्छा है।

बच्चो ! आप इस कार्य को अपनी हिन्दी व्याकरण की उत्तर पुस्तिका में सुंदर लिखाई में लिखेंगे।

* आपको इस कार्य की उत्तर पत्रिका वीरवार को भेजी जाएगी।

धन्यवाद !

Last page